**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 27.02.2025

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

**गर्ल्स कॉलेज में**

# "भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह–2025"

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने महाविधालय को गौरान्वित करने वाली छात्राओं को बधाई दी एवं सम्मानित किया तथा उन्होंने ने बताया कि हमारी छात्राएँ समाज में अपनी उत्कृष्ट सेवाएँ दे रहीं है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि हर वर्ष ये आयोजन किया जाता है। यूँ तो भूतपूर्व छात्राएँ हमेशा ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जुड़ी रहती है परंतु इस समारोह का सभी को इंतज़ार रहता है। उन्होंने जानकारी दी भूतपूर्व छात्रासंघ लगातार महाविद्यालय विकास में अपना सहयोग देता है ।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में जैसे पीएससी, यूजीसी नेट, जेआरएफ, स्टार्टअप आदि में सफलता अर्जित करने वाली सुश्री पूजा सोढ़ा, सुश्री रेखा कश्यप, सुश्री श्वेता साव, सुश्री छाया साहू, सुश्री रश्मि लहरे, सुश्री श्वेता ध्रुव, डॉ. रिमशा लाकेश, सुश्री प्रेरणा शर्मा, सुश्री नेहा यादव, सुश्री तबस्सुम अली, श्रीमती प्रेमला भरणे को सम्मानित किया गया ।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. येशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मोनिया राकेश सिंह एवं श्रीमती वंदना बंजारे ने अपनी अभिव्यक्ति दी ।

वर्तमान छात्राओं एवं भूतपूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव व्यक्त किए साथ ही नृत्य गीत की प्रस्तुति दी।

भूतपूर्व छात्रा डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, 25000/- डॉ. रेशमा लाकेश 15000/-, श्रीमती ज्योति भरणे 11000/-, एवं डॉ. मोनिया राकेश सिंह 10000/-, छात्रा कौशल विकास कार्यक्रम हेतु सहयोग राशि प्रदान की।

इस गरिमामय कार्यक्रम का संचालन सुश्री तबस्सुम अली एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति भरने ने किया ।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)